# अलीगढ़, उन्नाव, प्रयागराज और झांसी में बनेंगे विशेष निवेश क्षेत्र

## संतुलित विकास के लिए स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने पर जोर

- औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा पूर्वांचल में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को निवेश के लिए करें प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : औद्योगिक विकास को गति देने के लिए अलीगढ़, उन्नाव, प्रयागराज या चित्रकूट और झांसी में विशेष निवेश क्षेत्र (स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन) विकसित किए जाएंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश के संतुलित औद्योगिक विकास के लिए पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड के इन क्षेत्रों में विशेष निवेश क्षेत्र विकसित करने का निर्देश दिया है। सोमवार को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने के क्रम में पिकअप भवन में आयोजित बैठक में नन्दी ने लैंड बैंक बढ़ाने पर भी जोर दिया।

मंत्री नन्दी ने सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना में तो बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित हो रहे हैं, अब पूर्वांचल के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी उद्योगों को स्थापित करने की आवश्यकता है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री समेत अन्य औद्योगिक इकाइयों से जुड़े लोगों से बात करें और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपी वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। बैठक में डिलाइट इंडिया ने मौजूदा निवेश, भूमि का आवंटन, बुनियादी ढांचा और अन्य महत्वपूर्ण हस्तक्षेप पर प्रस्तुति भी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम निवेश मित्र के जरिए 444 अनुमोदन की सुविधा दी जा रही है। पिछले वर्ष करीब चार लाख आवेदन निवेश मित्र के जरिए आए, जिनका निस्तारण किया गया। समीक्षा बैठक में औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर, सचिव औद्योगिक विकास व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, विशेष सचिव औद्योगिक विकास सुजीत कुमार आदि वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल हुए।